विवि के 28 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया

भास्कर न्यूज़|पूसा

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के प्लेसमेंट सेल द्वारा विवि के विभिन्न संकायो में अध्यनरत वर्ष 2023 में उत्तीर्ण होने वाले 28 छात्र-छात्राओं का चयन महाराष्ट्र के सिजेंटा फाउंडेशन, गुरुग्राम के पीआई इंडस्ट्रीज एवं यारा फर्टिलाइजर कंपनी में किया गया है। विश्वविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि स्नातकोत्तर के 9, एग्रीबिजनेस के 3 एवं रूरल मैनेजमेंट के 5, कृषि स्नातक के 6 एवं डिप्लोमा वेयरहाउस मैनेजमेंट के 5 छात्र-छात्राओं को इन कंपनियों के द्वारा चयनित किया गया है। विवि के निदेशक शिक्षा डॉ. एम एन झा ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट सेल ने एमबीए रूलर मैनेजमेंट संकाय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पाठ्यक्रम को पूरा होने से पहले ही शत प्रतिशत प्लेसमेंट कराया है। उन्होंने बताया कि विवि में चयन की प्रक्रिया इफको किसान, पी एंड पी, बेफ की आदि कंपनियों की ओर से जारी है। इधर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस पांडेय ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर से बेहतर कदम उठा रही है जिसका असर अब दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के कड़ी मेहनत से देश में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पुसा का नाम प्रथम स्थान पर होगा। चयनित छात्र-छात्राओं को डॉ. एम एन झा के अलावे कई अधिष्ठाता, वैज्ञानिक व प्रोफेसर ने बधाई दी है।

Dainik Bhaskar 16-07-2023